**कार्यालय**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत वितरण मण्डल–प्रथम**
**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
**सहारनपुर।**

**पत्रांकः–** 4057 **/ वि0वि0म0प्र0/स0पुर/निविदा**

**दिनांकः– 30.01.2023**

विज्ञापन व्यवस्थापक
दैनिक जागरण
मेरठ (संस्करण)।

विज्ञापन व्यवस्थापक
वीर अर्जुन
नई दिल्ली (संस्करण)।

**<u>विज्ञापन आदेश</u>**

**महोदय,**

1. कृपया निविदा सूचना एक बार अपने प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में दिनांक **01.02.2023** तक के अंक में कम से कम स्थान में (हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 8–10 प्वाइंन्ट टाइप में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 6–8 प्वाइंन्ट टाइप के समाचार पत्र दो कॉलम) प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हेंडिग व नीचे का नाम व पता यथासम्भव एक ही लाईन मे रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।
2. कृपया संलग्न निविदा सूचनाओ का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
3. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ, विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन को दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियां संलग्न करते हुये भुगतान हेतु प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ को/अधोहस्ताक्षरी को (जहां भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर होना है) प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव नहीं होगा।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नही किया जायेगा।
5. यदि आपको सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हो तो कृपया विज्ञापन को प्रकाशित न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
6. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गन्दे अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।
   संलग्नक–1–विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति

भवदीय,

अधीक्षण अभियन्ता

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–प्रथम
सहारनपुर

पत्रांकः– / दिनांकः–

प्रतिलिपि विज्ञापन सामग्री सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1- प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क मेरठ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि संलग्नित निविदाए निगम की वैबसाईट पर अपलोड कराने की कृपा करें ।
2- मुख्य अभियन्ता (वितरण) सहारनपुर क्षेत्र, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, सहारनपुर।
3- सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ।
4- उप मुख्य लेखाधिकारी, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, जोनल कार्यालय सहारनपुर।
5- अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम, सहारनपुर/बेहट/देवबन्द।
6- N.I.E.L.I.T. (Doeacc Centre) Unit, PVVNL, को डिस्कॉम की वैबसाईट पर अपलोड करने के लिये।
   संलग्नः निविदा सूचना की प्रति
7- नोटिस बोर्ड।

<u>अधीक्षण अभियन्ता</u>

Scanned by CamScanner

## पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0,
## अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित है।

(1) अल्पकालीन ई– निविदा संख्या :–175/डब्लू/2022–23 :– विद्युत वितरण खण्ड–बेहट के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत (एच0वी0–2 वद्व एंव भारी श्रेणी) समय–समय पर किये गये आवेदनो के सापेक्ष संयोजन अवमुक्त करने का कार्य।

**उपरोक्त निविदा दिनांक 15.02.2023 को 11:00 बजे तक जमा की जायेगी तथा इनका प्रथम भाग उसी दिन 12:30 बजे के बाद खोला जायेगा। निविदा की विस्तृत जानकारी एंव निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई–टेण्डर वैबसाईट www.etender.up.nic.in तथा निगम की वैबसाईट www.pvvnl.org पर उपलब्ध करायी जायेगी।**

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–प्रथम
सहारनपुर

राष्ट्र हित में बिजली बचायें
बिजली चोरी की सूचना हेल्पलाईन नम्बर पर दें : 1800–180–3002 (मेरठ), 1800–180–8752 (लखनऊ)

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–प्रथम
सहारनपुर

Scanned by CamScanner